वर्ष 28 अंक 200
पृष्ठ 22+4+4=30
बरेली, रविवार
2 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

न्यूक्लियर साइंस से पता चलेंगे कैंसर के लक्षण

जागरण संवाददाता, बरेली : न्यूक्लियर मेडिसन एंड एलाइड साइंस कैंसर के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने की दिशा में काम कर रही है। भविष्य में यह संभव होगा। ऐसे संसाधन और दवाएं तैयार करने पर काम चल रहा है, जो शरीर में जाकर फैल जाएंगे और कैंसर की कोशिकाओं की खोज करेंगे। रेडिएशन की मात्रा डिटेक्ट करेंगे। शनिवार को एसआरएमएस के दीक्षा समारोह में शिरकत करने आए भारतीय न्यूक्लियर मेडिसन एंड एलाइड साइंस के निदेशक डॉ. अजय कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

डॉ. सिंह ने कहा कि अगर शुरुआत में ही कैंसर का पता चल जाए, तो आसानी से इसका सफल इलाज हो सकता है। बहरहाल, न्यूक्लियर साइंस ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। लगातार शोध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल तमाम नई किस्म की बीमारियां फैल रही हैं।

जिनकी परख किए बिना ही इलाज शुरू कर दिया जाता है। तभी बीमारी दूर करने में सफलता नहीं मिलती है। इसीलिए चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े छात्रों के साथ चिकित्सकों को भी हर रोज विकसित हो रही नई तकनीक से अपडेट रहना होगा। जबकि आज न्यूक्लियर मेडिसन की मदद से ऐसी तमाम नई तकनीक विकसित हो रही हैं, जो बीमारियों का पता लगाएंगी। मर्ज पकड़ में आने के बाद उनका उपचार भी आसान होगा। जरूरत देश-दुनिया के चिकित्सा जगत में हो रहे विकास को जानने की है।

बोले डॉ. अजय

- न्यूक्लियर मेडिसन की मदद से विकसित हो रही तमाम नई तकनीक
- कैंसर की कोशिकाओं एवं रेडिएशन की मात्रा का लग सकेगा पता